>

Title: Need to provide special relief package to the Government of Bihar for the rehabilitation of the flood-affected people in the State.

श्री आलोक कुमार मेहता (समस्तीपुर) : अध्यक्ष महोदय, विगत दिनों बिहार में अतिवृष्टि एवं नदियों के तटबंधों के टूटने से आई भीषण बाढ़ के कारण प्रदेश के करीब 16-17 जिले, सहरसा, मधुबनी, पुर्णिया, कटिहार, दरभंगा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, खगड़िया, बेगुसराय आदि जिले पूरी तरह बाढ़ की विभीषिका की चपेट में आ गये। इससे जान माल एवं फसलों की भारी क्षति हुई है। इस प्राकृतिक आपदा की मार सबसे ज्यादा किसानों को झेलनी पड़ रही है क्योंकि इनकी सभी फसलें, मवेशी एवं घर बार पूर्णतः बरबाद हो गये हैं। ऐसी परिस्थिति में मैं सरकार से मांग करना चाहूंगा कि बाढ़ प्रभावित जिलों के प्रभावित किसानों को दिये गये कृषि ऋण को माफ किया जाये, जिन किसानों एवं जिनके परिजनों की जान गयी है उन्हें उचित मुआवजा एवं जिनके घर-बार नष्ट हो गये हैं उन लोगों के पुनर्वास की शीघ्र व्यवस्था की जाये।